संख्या-134/2015/3138/41-2015-232 यो0/2015

प्रेषक,

अमृत अभिजात,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
नागरिक उड्डयन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ,दिनांक 18 सितम्बर, 2015

विषय- ताज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन नगरी आगरा में लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को सीधे आगरा में अन्तर्राष्ट्रीय वायु सेवा उपलब्ध कराने तथा पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा ताज इन्टरनेशनल एयरपोर्ट की स्थापना प्रस्तावित की गयी है। मा0 मंत्रिपरिषद द्वारा जनपद फिरोजाबाद के तहसील टुण्डला स्थित कुरीकुपा (हिरनगांव रेलवे स्टेशन के निकट) में प्रस्तावित ताज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा की स्थापना हेतु दिनांक 15.06.2015 को अनुमोदन प्रदान किया गया।

2. ताज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का कार्य एक अति विशिष्ट एवं उच्च तकनीकी श्रेणी का कार्य होने के कारण परियोजना के विकास का अग्रेतर कार्य सम्बन्धित विभाग-नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 सरकार से कराया जाना परियोजना के हित में है। अत: शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त ताज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण एवं परियोजना के अन्तर्गत अग्रेतर कार्यवाही हेतु नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 सरकार को नोडल विभाग के रूप में नामित करने तथा परियोजना के क्रियान्वयन हेतु नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 सरकार को पर्यटन विभाग से उक्त परियोजना का सम्पूर्ण कार्य हस्तान्तरित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3. ताज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण अवस्थापवना विकास विभाग द्वारा पी0पी0पी0 के सम्बन्ध में निर्गत दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शी सिद्धान्तों तथा समय-समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

http://gnsandesh.up.nic.in

4. परियोजना के सम्बन्ध में अग्रेतर आवश्यक निर्णय लेने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया गया है।

5. अत: अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त निर्णयानुसार ताज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमृत अभिजात)
सचिव।

संख्या-134 /2015/3138(1)/41-2015 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2- सचिव, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3- सचिव, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
4- अध्यक्ष, एयरपोर्ट अथारिटी आफ इण्डिया, भारत सरकार, नई दिल्ली।
5- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
6- प्रमुख सचिव/सचिव, न्याय विभाग/वित्त विभाग/नियोजन विभाग/अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग एव कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
8- महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि ताज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज/पत्रावली आदि नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 को हस्तान्तरित करने का कष्ट करें।
9- निदेशक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
10- आयुक्त आगरा मण्डल, आगरा।
11- जिलाधिकारी, आगरा/फिरोजाबाद।
12- स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
13- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, आगरा।
14- राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
15- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(शिव कुमार पाठक)

http://shasanadesh.up.nic.in

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in